# कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या।

पत्रांकः एस0एस0ए0 / के0जी0बी0वी0 / नियुक्ति / 2177-86 /2026-27 दिनांकः- 17.06.2026

**विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ एवं निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्र सं0-के0जी0बी0वी0 / 1837 / 2024-25 दिनॉक 30.05.2024 व पत्र सं0-के0जी0बी0वी0 / 7114 / 2024-25 दिनॉक 28.10.2024 तथा शासनादेश संख्या-1 / 570148 / 2024 File no. 68-5099 / 23 / 2024-5() दिनॉक 28.05.2024 व संशोधित शासनादेश संख्या-68-5099 / 23 / 2024-अनुभाग-5(बेसिक शिक्षा)1 / 775757 / 2024 दिनॉक 21.10.2024 के अनुपालन में उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय विकास खण्ड (मया, तारून, बीकापुर, हैरिंग्टनगंज, मवई) में विभिन्न पदों पर नियुक्ति (संविदा आधारित) हेतु वर्णित अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों हेतु शैक्षिक सत्र 2026-27 में कार्य करने हेतु निर्धारित प्रारूप पर **दिनॉक 05.07.2026 सायं 5:00 बजे** तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या में निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। **आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें, इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन पत्र किसी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** रिक्त पदों का पदवार विवरण तथा दिशा-निर्देश **http://ayodhya.nic.in** पर उपलब्ध है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी उक्त विवरण को अवश्य देखें एवं आवेदन पत्र के प्रारूप को डाउनलोड कर निर्धारित प्रारूप पर ही आवेदन करें।

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | लिंग | प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड से अप्रूव मानदेय प्रति माह | आयु गणना (01.08.2026 को) | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | |
| 1 | प्रधानाचार्य | 1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी / अंग्रेजी) अथवा एम0एस0सी0 (भौतिक विज्ञान / रसायन विज्ञान / जन्तु विज्ञान / वनस्पति विज्ञान / गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षित स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधिया<br>(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी, प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यकम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | महिला | 30000.00 | 30-45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 05 |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | हिन्दी में एम0ए0 तथा संस्कृत के साथ बी0ए0 अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी | महिला | 22000.00 | 25-45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 5 |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में | महिला | 22000.00 | 25-45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 5 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | | | | | | | | | |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित अथवा गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस सी० (आनर्स) | महिला | 22000.00 | 25—45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | — | 5 |
| 5 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | एम०एस०सी० ( भौतिक शास्त्र ) अथवा किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी०। | महिला | 22000.00 | 25—45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | — | 5 |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | रसायन विज्ञान में एम०एससी० अथवा रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० (आनर्स) अथवा यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस सी०। | महिला | 22000.00 | 25—45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | — | 5 |
| 7 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस सी० अथवा कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी० , बी0एस०सी० में जन्तु विज्ञान अथवा कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस० सी०, बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान अथवा– यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय डिग्री कालेज से एम०एस सी० (लाइफ साइंस) अथवा किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | महिला | 22000.00 | 25—45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | — | 5 |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | एम0टेक0 (कम्प्यूटर विज्ञान) अथवा बी०ई०/बी०टेक0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा एम०सी०ए० अथवा एम०एस सी० (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा बी लेविल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एस सी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी० सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | महिला | 22000.00 | 25—45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | — | 5 |
| 9 | लैब असिस्टेंट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट – विज्ञान वर्ग के साथ | महिला | 7147.00 | 25—45 वर्ष | 06 | 01 | 04 | 04 | — | 15 |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/ लिपिक | माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो। अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा | महिला | 12430.00 | 25—45 वर्ष | 03 | 00 | 01 | 01 | — | 5 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थापित किसी संस्था /शिक्षा बोर्ड/ परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री अथवा कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | | | | | | | | | |
| 11 | केयरटेकर | कक्षा 12 के स्थान पर परास्नातक एवं बी0एड0(शासनादेशसंख्या–68–5099 /23/2024–अनुभाग–5 बेसिक शिक्षा दिनांक 21.10.2024) | महिला | 24200.00 | 25–45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 5 |
| 12 | चपरासी | कक्षा–8 उत्तीर्ण | महिला | 7147.00 | 25–45 वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 5 |
| 13 | चौकीदार | कक्षा–8 उत्तीर्ण | महिला | 7505.00 | 25–45वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 5 |
| 14 | मुख्य रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण | महिला | 8577.00 | 25–45वर्ष | 02 | 00 | 01 | 02 | – | 5 |
| 15 | सहायक रसोईया | कक्षा–8 उत्तीर्ण | महिला | 6755.00 | 25–45 वर्ष | 04 | 01 | 03 | 02 | – | 10 |
| | | | | | | | | | | योग– | 90 |

नोट–

1–उच्चीकृत एकेडमिक की प्रधानाचार्या जिस विषय की चयनित होगी उस विषय की पृथक से पी0जी0टी0 शिक्षिका की नियुक्ति नही की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा। उच्चीकृत एकेडमिक स्टाफ को रात्रि निवास नहीं करना होगा।

2– चपरासी, चौकीदार व मुख्य रसोइया/सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा तथा महिला अभ्यर्थी का ही चयन किया जायेगा। विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक रूप अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। पदों की संख्या बढ़–घट सकती है।

3–वरीयमान अर्हता–प्रशिक्षित।

आयु–

1. प्रधानाचार्य पद के लिए न्यूनतम आयु 01.06.2026 को 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
2. शेष पदों पर 01.06.2026 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। के0जी0बी0वी0 में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

आरक्षण– राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार देय होगा।

चरित्र– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगा।

अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंको का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

| क्र0सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X30/100 |

1–यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।

2–यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।

3–रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

सत्यापन–शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के अभिलेखों के सत्यापनोपरांत ही मानदेय देय होगा।

**नियम व शर्तें–**

1. रिक्त पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई–बढ़ाई जा सकती है।
2. सभी पदों पर आवेदन हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
3. आरक्षण नियमानुसार देय होगा।
4. प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।

5. आवेदन पत्र के साथ अपने पद की समस्त वांछित योग्यता के अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. किसी भी प्रकार के बदलाव/सुधार एवं विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास होगा। इसमें अभ्यर्थी का किसी प्रकार का दावा स्वीकार नही किया जायेगा।
7. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं विषय लिखना अनिवार्य है, लिफाफे के अन्दर नाम व पता लिखे 02 लिफाफे रखना अनिवार्य होगा जिन पर रू0 56–56 के डाक टिकट लगे हो।
8. **वर्तमान में विकास खण्ड (मया, तारून, बीकापुर, हैरिंग्टनगंज, मवई) के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भवन निर्माणाधीन है एवं निर्माणाधीन भवन कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण रूप से हैण्डओवर करने के उपरान्त ही चयनित महिला अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जायेगा।**
9. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
10. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित तिथि 05.07.2026 तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या में सायंकाल 05 बजे तक स्वीकार किये जायेगें।

**( भास्कर सिंह )**
**जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)**
**समग्र शिक्षा, अयोध्या।**

**( लाल चन्द्र)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**अयोध्या।**

पृ0सं0:एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/नियुक्ति/2177-86/2026–27 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, अयोध्या।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
4. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, , अयोध्या।
5. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, अयोध्या मण्डल।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, अयोध्या।
7. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अयोध्या को विज्ञप्ति व आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कापी इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति व आवेदन पत्र को जनपद अयोध्या की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद अयोध्या को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
9. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद अयोध्या को इस आदेश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को ब्लॉक संसाधन केन्द्र/नगर संसाधन केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
10. राजाराम चौकीदार के0जी0बी0वी0 तारून, अयोध्या को इस आदेश के साथ कि वे उक्त विज्ञप्ति को जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

**जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)**
**समग्र शिक्षा, अयोध्या।**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
**अयोध्या।**

## जनपद अयोध्या के उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में संविदा पर चयन हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2026–27

1. आवेदित पद का नाम.......................................................................
2. विषय .......................................................................
3. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में).......................................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में).......................................................................
4. पिता का नाम (हिंदी में)..........................................पति का नाम.........................
5. जन्मतिथि .....................आयु 01.04.2025 को आयु............ वर्ष...............माह...............दिन...............
6. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित).......................................................................
   .......................................................................पिन
   (ब) पत्र व्यवहार का पता.......................................................................
   कोड.......................................................................
7. मोबाइल नं0.......................................................................
8. आधार नम्बर.......................................................................
9. जाति वर्ग (सामान्य, EWS, अनु0जाति, अन्य पिछडी जाति).......................................................................
10. अनुभव के0जी0बी0वी0, यदि हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें).......................................................................
11. शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता का विवरण–

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो अनिवार्यतः चस्पा करें।

| परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि0वि0 का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तॉक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा–08 | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| प्रशिक्षित स्नाातक | | | | | | |
| परास्नातक | | | | | | |
| टी0ई0टी0 (जूनियर स्तर) | | | | | | |
| भारांक (के0जी0बी0वी0 में शिक्षक के रूप में कार्यरत अनुभव) | | | | | | |
| योग– | | | | | | |

12. संलग्नकों का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. .................... | 6. .................... |
| 2. .................... | 7. .................... |
| 3. .................... | 8. .................... |
| 4. .................... | 9. .................... |
| 5. .................... | 10. .................... |

### घोषणा

मै...... .......................................पुत्री / पत्नी.......................................यह घोषणा करती हूँ कि मेरे आवेदन पत्र में उक्तवत दिए गए विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतया सत्य है तथा इसमें किसी भी प्रकार का तथ्यगोपन नही किया गया है। चयन के पूर्व या चयन के पश्चात जॉचोंपरान्त कोई भी तथ्य / संलग्न प्रमाण पत्र, फर्जी / कूटरचित पाये जाने पर मेरा अभ्यर्थन / चयन निरस्त कर दिया जाये, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नही होगी तथा इस सम्बन्ध में जिला चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। चयनोंपरान्त मैं अपनी सेवा के निमित्त विभाग द्वारा निर्धारित मानदेय ही प्राप्त करूँगी एवं स्वार्थवश कोई उजदारी नहीं करूँगी।

दिनांकः–
स्थानः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
(पूरा नाम पता सहित)